प्रेषक ,

अशोक कुमार कसौधन

न्यायाधिकारी , ग्राम न्यायालय , रामनगर-बाराबंकी।

सेवा में,

माननीय निबन्धक (न्यायिक) (बजट)

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

द्वारा- माननीय जनपद न्यायाधीश,

बाराबंकी

विषय- पत्रांक संख्या 749/IV Admin A दिनांकित 25/03/2013 के अनुसरण में उ. प्र. न्यायिक सेवा में चयनित विधि परास्नातक उपाधिधारक अभ्यर्थियों को तीन अग्रिम वेतनमान दिए जाने के लिए सूचना के सम्बन्ध में।

माननीय महोदय ,

ससम्मान निवेदन के साथ कहना है कि मैंने विधि परास्नातक वर्ष 2016 में डॉ० राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय,लखनऊ से पूर्ण किया। इसकी डिग्री दिनांक 30/06/2016 को प्राप्त की।

उ. प्र. लोक सेवा आयोग , इलाहाबाद की संस्तुति पर महामहिम राज्यपाल उ. प्र. ने दिनांक 03/02/2020 को मेरा चयन /नियुक्तिपत्र जारी किया है।

माननीय महोदय मैंने महामहिम राज्यपाल उ. प्र. के दिनांक 03/02/2020 चयन/नियुक्ति के पूर्व ही विधि परास्नातक की डिग्री प्राप्त कर ली थी।

अतः माननीय महोदय से विनम्र अनुरोध है कि मुझे तीन अग्रिम वेतनमान प्रदान करने की महती कृपा करें।

No. 1263/I Dated 14.9.20

प्रार्थी आपका आभारी रहेगा।

FORWARDED
14-9-2020
DISTRICT JUDGE
BARABANKI

सादर।

भवदीय

Asnok Kumar

(अशोक कुमार कसौधन)

(I.D. No- UP3603)

न्यायाधिकारी , ग्राम न्यायालय , रामनगर-बाराबंकी।

दिनाँक 14/09/2020

संलग्नक- :

1 -विधि परास्नातक के ग्रेड कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति।

2 -विधि परास्नातक की डिग्री की स्वप्रमाणित प्रति।

3 -महामहिम राज्यपाल उ. प्र. द्वारा निर्गत चयन/ नियुक्ति की विज्ञप्ति की प्रमाणित प्रति।

4- कार्य भार ग्रहण प्रमाण पत्र की छाया प्रति।